>

Title: Need to provide stoppage to Bihar Sampark Kranti Express, Garib Rath Express and Inter-city Express at Gauri Bazar Railway Station of Deoria Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया जिले से उत्तरी भारत से बिहार को जाने वाले अनेकों रेल सेवाएं चल रही हैं, परंतु सुपरफास्ट एवं तेज गति से चलने वाली रेल सेवाओं का देवरिया या देवरिया के किसी हिस्से में ठहराव नहीं है। जबकि उत्तरी भारत विशेषकर दिल्ली में देवरिया के लोग कार्यरत हैं एवं बिहार में व्यवसाय की दृष्टि से देवरिया के लोग आते-जाते हैं, लेकिन सुपरफास्ट रेल सेवा का ठहराव न होने से देवरिया आने वाली यात्रियों को कई जगहों पर रेल यात्रा बदलनी पड़ती है या अन्य वाहनों का प्रयोग करना पड़ता है। मैं सदन के माध्यम से एवं अपने पत्रों के माध्यम से बिहार सम्पर्क क्रांति एक्सप्रैस एवं गरीब रथ एक्सप्रैस का ठहराव देवरिया शहर में करने हेतु एवं इंटरसिटी एक्सप्रैस का ठहराव गौरी बाजार रेलवे स्टेशन पर करने हेतु आग्रह कर चुका हूं। परंतु सरकार न जाने क्यों इस पर कार्रवाई नहीं करती है। रेल मंत्री जी कुछ वी.आई.पी. लोगों के क्षेत्र में रेल सुविधाओं की घोषणा कर रहे हैं, वहां रेलवे का ठहराव भी दे रहे हैं, परन्तु देवरिया के लोगों की दिक्कत को नहीं देख रहे हैं। इस तरह से मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया जिले के साथ सौतेलेपन का व्यवहार किया जा रहा है। इन सब कारणों से पूर्वांचल में वर्तमान केन्द्र सरकार के प्रति जबरदस्त आक्रोश है।

सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि देवरिया में बिहार सम्पर्क क्रांति एक्सप्रैस एवं गरीब रथ एक्सप्रैस का ठहराव एंव इंटरसिटी एक्सप्रैस का ठहराव देवरिया के गौरी बाजार रेलवे स्टेशन पर किये जाने की घोषणा करें।